उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या-384/22/चार/आयोग/2026
लखनऊः दिनांक- 02 नवम्बर, 2026

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 20-परीक्षा/2026, महाधिवक्ता कार्यालय (कम्प्यूटर संवर्ग) मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2025)/20 के अंतर्गत महाधिवक्ता कार्यालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के रिक्त 11 पदों एवं सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त 01 पद सहित कुल रिक्त 12 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से दिनांक -07-09-2026 से 28-09-2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-8 में उल्लिखित है कि "लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम के संबंध में यथासमय सूचित किया जायेगा।"

तदनुक्रम में सूच्य है कि शासन के पत्र संख्या- 1296/47-का-3-2026, दिनांक- 28-10-2026 द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों पर लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः आयोग के विज्ञापन संख्या- 20-परीक्षा/2026, महाधिवक्ता कार्यालय (कम्प्यूटर संवर्ग) मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2025)/20 के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के सूचनार्थ कम्प्यूटर संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु शासन द्वारा अनुमोदित लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम प्रकाशित किया जा रहा है।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

02/11/2026
(सुभाष चन्द्र प्रजापति)
परीक्षा नियंत्रक।

महाधिवक्ता कार्यालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कम्प्यूटर संवर्ग के पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा (लिखित परीक्षा) की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

लिखित परीक्षा में एक प्रश्नपत्र होगा, जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

परीक्षा योजना

परीक्षा के भाग, विषय, प्रश्नों की संख्या, कुल अंक और समयावधि नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

भाग	विषय	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक	समयावधि
भाग-1	सामान्य ज्ञान एवं विचारों की अभिव्यक्ति	60	60	02 घंटा
भाग-2	सामान्य हिन्दी	20	20	
भाग-3	सामान्य अंग्रेजी	20	20	
योग		**100**	**100**	

पाठ्यक्रम

भाग-1

(सामान्य ज्ञान एवं विचारों की अभिव्यक्ति)

भारत और उत्तर प्रदेश का इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोकनृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषा, विरासत, सामाजिक रीति रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान एवं खनिज, अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन, समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां आदि।

कम्प्यूटर का इतिहास एवं विकास, कम्प्यूटर प्रणाली का संगठन, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, फर्मवेयर, मेमोरी, प्रोसेसर एवं कन्ट्रोलर। सामान्य डाटाबेस प्रबन्धन एवं सामान्य साफ्टवेयर, आपरेटिंग सिस्टम, एप्लिकेशन साफ्टवेयर, प्रिंन्टिंग एवं स्कैनिंग, नेटवर्किंग, ग्राफिकल यूजर इन्टरफेस, इलेक्ट्रानिक डाटा इन्टरचेंज एवं सिक्योरिटी, सर्च इंजन, सामान्य प्रोग्रामिंग लैग्वेज (पाइथन, सी ++)। ओपेन सोर्सेस ए आई टूल्स फार जनरल आफिस प्रोडक्टिविटी, सामान्य डाटा इन्टरप्रेटेशन, टूल्स एवं टेक्नोलोजी।

21/04/21

उपरोक्त विषयों पर विचारों की अभिव्यक्ति।

भाग-2

(सामान्य हिन्दी)

1- विभिन्न कार्यों हेतु पत्र-शासकीय, अर्द्धशासकीय, वैयक्तिक तथा व्यावसायिक समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को सम्बोधित पत्र, कार्यालय आदेश, अधिसूचना और परिपत्र सम्बन्धी प्रश्न।

2- वर्ण एवं ध्वनि विचार: उच्चारण, स्वर, व्यंजन, मात्रा-पहचान और प्रयोग, ध्वनियों का वर्गीकरण।

3- शब्द रचना: संधि एवं संधि विच्छेद, समास, उपसर्ग एवं प्रत्यय।

4- शब्द प्रकार: (क) तत्सम, अर्द्धतत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी।
(ख) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय (क्रिया विशेषण, सम्बन्ध सूचक, विस्मयबोधक, निपात)।

5- शब्द ज्ञानः पर्यायवाची, विलोम, शब्द युग्मों का अर्थ, भेद, किसी वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द, युग्म शब्द (समश्रुत भिन्नार्थक शब्द), समानार्थी शब्द, उपयुक्त शब्द चयन, सम्बन्धवाची शब्दावली।

6- शुद्ध-अशुद्ध शब्द।

7- व्याकरणिक कोटियां: लिंग, वचन, पुरूष, कारक, काल, वाच्य, वृत्ति, पक्ष।

8- वाक्य रचना- प्रकार, सरल, संयुक्त, मिश्र वाक्य, वाक्य शुद्धि।

9- विराम चिन्हों का प्रयोग।

10- मुहावरे एवं लोकोक्तियां।

भाग-3

(सामान्य अंग्रेजी)

1- Identify the Error
2- Fill in the Blanks
3- Synonyms and Antonyms
4- Idioms, Phrases and One-Word Substitution
5- Sentence Correction
6- Active and Passive Voice
7- Direct and Indirect Speech
8- Rearrangement of Sentence Parts

21/07/21

Examination Scheme and Syllabus for the Main Examination (Written Examination) for selection to posts in the Computer Cadre under the control of the Office of the Advocate General, Allahabad High Court, Uttar Pradesh.

There will be one question paper in the written examination, which will contain 100 questions and the total time duration will be two hours. The questions of the examinations will be objective and multiple-choice type. Each question will be of one mark. There is a provision of negative marking for each wrong answer, which will be 25 percent i.e. ¼ of the marks prescribed for that question.

Examination Plan

The parts of examination, subjects, number of questions, total marks and time period will be as per the details given below-

Part	Subject	Number of Questions	Total Marks	Time Period
Part-1	General Knowledge and Expression of Ideas	60	60	02 Hours
Part-2	General Hindi	20	20	
Part-3	General English	20	20	
Total		**100**	**100**	

Syllabus

Part-1

(General Knowledge and Expression of Ideas)

History & culture, art, architecture, festivals, folk dances, literature, regional language, heritage, social customs, traditions & tourism, geographical features & environment, natural resources, climate, soil, forests, wildlife, mines & minerals, economy, agriculture, industries, business & employement, polity & administration, current events & achievements in varios fields, etc. of India and Uttar Pradesh.

History and Developments of computers, organization of computer systems, Hardware, Software, firmware, memory, processor and controller. General database management and general software, Operating System, Application software, Printing & Scanning, Networking, Graphical user Interface, Electronic Data Interchange and Security, Search Engines, General Programming Language (Python, C++). Open Source an IT tools for General Office Productivity, General data Interpretation, Tools and Technology.

Expression of Ideas on the above mentioned subjects.

भाग-2
(सामान्य हिन्दी)

1- विभिन्न कार्यों हेतु पत्र-शासकीय, अर्द्धशासकीय, वैयक्तिक तथा व्यावसायिक समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को सम्बोधित पत्र, कार्यालय आदेश, अधिसूचना और परिपत्र सम्बन्धी प्रश्न।

2- वर्ण एवं ध्वनि विचार: उच्चारण, स्वर, व्यंजन, मात्रा-पहचान और प्रयोग, ध्वनियों का वर्गीकरण।

3- शब्द रचना: संधि एवं संधि विच्छेद, समास, उपसर्ग एवं प्रत्यय।

4- शब्द प्रकार: (क) तत्सम, अर्द्धतत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी।
(ख) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय (क्रिया विशेषण, सम्बन्ध सूचक, विस्मयबोधक, निपात)।

5- शब्द ज्ञान: पर्यायवाची, विलोम, शब्द युग्मों का अर्थ, भेद, किसी वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द, युग्म शब्द (समश्रुत भिन्नार्थक शब्द), समानार्थी शब्द, उपयुक्त शब्द चयन, सम्बन्धवाची शब्दावली।

6- शुद्ध-अशुद्ध शब्द।

7- व्याकरणिक कोटियां: लिंग, वचन, पुरूष, कारक, काल, वाच्य, वृत्ति, पक्ष।

8- वाक्य रचना- प्रकार, सरल, संयुक्त, मिश्र वाक्य, वाक्य शुद्धि।

9- विराम चिन्हों का प्रयोग।

10- मुहावरे एवं लोकोक्तियां।

Part-3
(General English)

1- Identify the Error

2- Fill in the Blanks

3- Synonyms and Antonyms

4- Idioms, Phrases and One-Word Substitution

5- Sentence Correction

6- Active and Passive Voice

7- Direct and Indirect Speech

8- Rearrangement of Sentence Parts

21/10/21